भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलें सौंपी

[स्रोत: बिज़िनेस टुडे](#)

हाल ही में भारत ने **फिलीपींस** को **ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलें** सौंपी हैं। दक्षिण चीन सागर में **चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं की पृष्ठभूमि** में भारत, फिलीपींस के साथ रक्षा संबंधों को और विस्तारित करने पर विचार कर रहा है।

ब्रह्मोस मिसाइल:

- ब्रह्मोस मिसाइल जिसकी **रेंज 290 किमी.** है, **भारत-रूस का एक संयुक्त उद्यम** है और यह मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) की शीर्ष गति के साथ दुनिया की **सबसे तेज़ क्रूज़ मिसाइल** है।
  - ब्रह्मोस का नाम ब्रह्मपुत्र **(भारत) और मोस्कवा (रूस)** नदियों के नाम पर रखा गया है।
- यह **दो चरणों वाली मिसाइल (पहले चरण में ठोस प्रणोदक इंजन और दूसरे चरण में तरल रैमजेट) है।**
- यह एक **मल्टीप्लेटफॉर्म मिसाइल** है यानी इसे **ज़मीन, हवा और समुद्र** से लॉन्च किया जा सकता है तथा सटीकता के साथ **बहु-क्षमता वाली मिसाइल** है जो मौसम की स्थिति के बावजूद **दिन और रात दोनों समय काम करती है**।
- यह **"फायर एंड फॉरगेट्स"** सिद्धांत पर काम करती है यानी लॉन्च के बाद इसे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है।
- **वियतनाम, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया** ब्रह्मोस मिसाइल के अन्य संभावित ग्राहकों में से हैं।

और पढ़ें: ब्रह्मोस मिसाइल, दक्षिण चीन सागर

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-delivers-brahmos-missiles-to-philippines